Teachingninja.in

Latest Govt Job updates

Private Job updates

Free Mock tests available

Visit - teachingninja.in

# UPSSSC
# Stenographer
## Previous Year Paper
### 3 April 2016

Teachingninja.in

# उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग

# स्टेनोग्राफर भर्ती परीक्षा, 2016

(परीक्षा तिथि : 03-04-2016)

## व्याख्या सहित हल प्रश्न-पत्र

## भाग-I : हिन्दी परिज्ञान और लेखन योग्यता

**निर्देश : (प्रश्न संख्या 1 से 5) : निम्नलिखित वाक्यों में रिक्त स्थान भरना है। प्रत्येक वाक्य की पूर्ति के लिए चार विकल्प दिए गये हैं। उचित विकल्प को चिन्हित करें।**

**1. संगीत द्वारा व्यक्ति का ______ प्रभावित होता है।**

(a) शरीर (b) आचरण
(c) अधिकार (d) कर्त्तव्य

**Ans : (b)** संगीत द्वारा व्यक्ति का आचरण प्रभावित होता है।

**2. भारत में निर्धनता-निर्मूलन कार्य ______ गति से नहीं हो सका है।**

(a) प्रशंसनीय (b) स्तुत्य
(c) संस्तुत्य (d) अनुशंसनीय

**Ans : (a)** भारत में निर्धनता-निर्मूलन कार्य प्रशंसनीय गति से नहीं हो सका है।

**3. गाँधीजी का रामराज्य का स्वप्न आज तक ______ नहीं हुआ है।**

(a) साकार (b) स्वीकार
(c) आकार (d) निराकार

**Ans : (a)** गाँधी जी का रामराज्य का स्वप्न आज तक साकार नहीं हुआ है।

**4. अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दी कवि सम्मेलन का ______ स्वयं में बड़ा काम है।**

(a) प्रयोजन (b) आरक्षण
(c) आयोजन (d) संगठन

**Ans : (c)** अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दी कवि सम्मेलन का आयोजन स्वयं में बड़ा काम है।

**5. वायुयान के उतार-चढ़ाव से यात्री घबरा गए, पर चालक ने उन्हें ______ किया।**

(a) निरस्त (b) विश्वस्त
(c) आश्वस्त (d) संतुष्ट

**Ans : (c)** वायुयान के उतार-चढ़ाव से यात्री घबरा गए, पर चालक ने उन्हें आश्वस्त किया।

**निर्देश : (प्रश्न संख्या 6 से 11) : निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों के विलोम के लिए चार-चार विकल्प दिये गये हैं। उचित विलोम छाँटकर उसे चिन्हित करें।**

**6. भारतीय लोक जीवन में योग को अति महत्वपूर्ण समझा जाता है।**

(a) नियोग (b) भोग
(c) अभियोग (d) रोग

**Ans : (b)** 'योग' शब्द का विलोम 'भोग' है जबकि 'रोग' शब्द का विलोम 'निरोग' है।

**7. उसका उत्तरीय उस पर बहुत जँच रहा था।**

(a) टोपी (b) साड़ी
(c) कोट (d) अधोवस्त्र

**Ans : (d)** 'उत्तरीय' शब्द का विलोम 'अधोवस्त्र' होता है।

**8. लंबी योग साधना से उसका ओजस्वी चेहरा देखते ही बनता था।**

(a) शोकाकुल (b) कामुक
(c) कान्तिहीन (d) मलीन

**Ans : (c)** 'ओजस्वी' शब्द का विलोम 'कान्तिहीन' (निस्तेज) है। जबकि 'मलीन' शब्द पवित्र का विलोम है।

**9. जैन मत को मानने वालों में श्वेताम्बर बड़ी संख्या में हैं।**

(a) दिगम्बर (b) नीलाम्बर
(c) अम्बर (d) पीताम्बर

**Ans : (a)** 'श्वेताम्बर' शब्द का विलोम दिगम्बर है।

**10. उस कृपण व्यक्ति के चर्चे दूर-दराज तक होने लगे।**

(a) अर्पण (b) दानी
(c) तर्पण (d) शूरवीर

**Ans : (b)** 'कृपण' शब्द का विलोम 'दानी' है जबकि अर्पण का विलोम ग्रहण तथा 'शूरवीर' का विलोम 'कायर' है।

**11. ज्येष्ठ मास में निर्जला एकादशी का व्रत बहुत कठिन होता है।**

(a) श्रेष्ठ (b) आदर्श
(c) हीन (d) कनिष्ठ

**Ans : (d)** 'ज्येष्ठ' शब्द का विलोम 'कनिष्ठ' है। जबकि 'निम्न' का विलोम 'अधम' है।

**निर्देश : (प्रश्न संख्या 12 से 17) : निम्नलिखित शब्दों के नीचे चार विकल्प दिये गये हैं। उनमें से उचित पर्याय चुनकर उसे चिन्हित करें।**

**12. चिरन्तन**

(a) कटु (b) स्मरणीय
(c) शाश्वत (d) अंतिम



Teachingninja.in

Ans : (c) चिरन्तन का शाब्दिक अर्थ है-हमेशा रहने वाला, अतः चिरन्तन का पर्याय 'शाश्वत' होगा।

13. अनल

(a) अग्नि (b) धूमिल
(c) नलकूल (d) अनिल

Ans : (a) 'अनल' शब्द 'अग्नि' का पर्यायवाची शब्द है। इसके अन्य पर्यायवाची शब्द - आग, पावक, दहन, ज्वाला, हुताशन, कृशानु, जातदेव, वैश्वानर आदि हैं।

14. आविर्भाव

(a) निर्माण (b) उद्भव
(c) विकास (d) जन्म

Ans : (b) उद्भव 'आविर्भाव' का पर्याय हैं। इसके अन्य पर्यायवाची शब्द – उत्पत्ति, उद्गम, पैदाइश आदि हैं।

15. आसक्ति

(a) अनुभूति (b) अनुरक्ति
(c) भक्ति (d) श्रद्धा

Ans : (b) 'आसक्ति' का पर्याय शब्द 'अनुरक्ति' होता है।

16. मनसिज़

(a) पुष्पसेज (b) मंडप
(c) कामदेव (d) मंदिर

Ans : (c) 'मनसिज', 'कामदेव' का पर्यायवाची शब्द है। इनके अन्य पर्यायवाची शब्द – मदन, मकरध्वज, कुसुमाकर, केतन, मनोभव, कन्दर्प, अनंग, पुष्पधन्वा, पंचशर, मीनकेतु, रतिपति इत्यादि हैं।

17. ऋतुपति

(a) बसंत (b) मधुमास
(c) सूर्य (d) वर्ष

Ans : (a/b) 'ऋतुपति' का पर्याय 'बसंत' है। इसके अन्य पर्यायवाची शब्द - ऋतुराज, मधुमास, कुसुमाकर, माधव आदि हैं। विकल्प (a) एवं (b) दोनों ऋतुपति के पर्याय हैं। अतः प्रश्न त्रुटिपूर्ण है।

**निर्देश : (प्रश्न संख्या 18 से 22) : निम्नलिखित वाक्यों में उनके प्रथम तथा अन्तिम संख्या अंश संख्या 1 से 6 के अन्तर्गत दिये गये हैं। बीच वाले चार अंश (य), (र), (ल), (व) के अन्तर्गत बिना क्रम के हैं चारों अंशों को उचित क्रमानुसार व्यवस्थित कर सही विकल्प चुनें।**

18. 1. प्रतियोगिता में भेजे गये फोटो
(य) अवश्य भेजें ताकि फोटो अस्वीकृत
(र) के साथ उचित आकार का, पर्याप्त डाक
(ल) होने पर उसे वापस भेजा जा सके, वरना अस्वीकृत
(व) टिकट लगा और अपने पते वाला लिफाफा
6. फोटो वापस नहीं भेजा जाएगा।

(a) य ल व र (b) व र य ल
(c) व ल र य (d) र व य ल

Ans : (d) अंशों का उचित क्रम – प्रतियोगिता में भेजे गये फोटो के साथ उचित आकार का पर्याप्त डाक टिकट लगा और अपने पते वाला लिफाफा अवश्य भेजें ताकि फोटो अस्वीकृत होने पर उसे वापस भेजा जा सके, वरना अस्वीकृत फोटो वापस नहीं भेजा जायेगा।

19. 1. फोटो के साथ प्रतियोगी फोटोग्राफर
(य) व्यक्ति की अनुमति प्राप्त कर ली है और
(र) इस आशय का प्रमाण पत्र अवश्य
(ल) इस विषय में प्रकाशक को होने वाले नुकसान।
(व) संलग्न करे कि उसने फोटो खिंचे
6. हानि के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

(a) र व य ल (b) य र ल व
(c) व य ल र (d) ल व य र

Ans : (a) अंशों का उचित क्रम निम्न है-
फोटो के साथ प्रतियोगी फोटोग्राफर इस आशय का प्रमाण पत्र अवश्य संलग्न करें कि उसने फोटो खिचें, व्यक्ति की अनुमति प्राप्त कर ली है और इस विषय में प्रकाशक को होने वाले नुकसान। हानि के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

20. 1. प्रोफेसर ने मुझे समझाया कि इनसान को कभी भी
(य) जिसके गुण सुन्दर हैं। क्या मैं सुन्दर हूँ? पोलियो का
(र) अपना आत्मविश्वास खोना चाहिए। सुन्दर वही है
(ल) हीन भावना का शिकार नहीं होना चाहिए और न ही
(व) रोगी होते हुए भी, मैं कभी हीन भावना-ग्रस्त नहीं रहा,
6. न ही अपना आत्मविश्वास डगमगाने दिया।

(a) य व र ल (b) व य र ल
(c) ल र य व (d) र ल व य

Ans : (c) अंशों का उचित क्रम निम्नवत् है –
प्रोफेसर ने मुझे समझाया कि इनसान को कभी भी हीन भावना का शिकार नहीं होना चाहिए और न ही अपना आत्मविश्वास खोना चाहिए। सुन्दर वही है जिसके गुण सुन्दर हैं। क्या मैं सुन्दर हूँ? पोलियो का रोगी होते हुए भी, मैं कभी हीन भावना ग्रस्त नहीं रहा, न ही अपना आत्मविश्वास डगमगाने दिया।

21. 1. व्यावसायिक बाराती अपने अनुभव का लाभ उठा
(य) गाँव में घुसपैठ करते। मीठे से ऊबे हुए छाछ
(र) मसोस कर रह जाते। निपुण बाराती अपनी पहचान
(ल) राबड़ी का जुगाड़ बिठा लेते। दूसरे लोग तब मन
(व) निकालकर अच्छे बिस्तर, स्थान का लाभ उठाते और
6. इसी समय का सदुपयोग करके नए रिश्तों का तानाबाना बुनते।



Teachingninja.in

(a) ल र य व (b) व य ल र
(c) र व य ल (d) य ल र व

**Ans : (d)** अंशो का उचित क्रम निम्नवत है-
व्यावसायिक बाराती अपने अनुभव का लाभ उठा गाँव में घुसपैठ करते। मीठे से उबे हुए छाछ, राबड़ी का जुगाड़ बिठा लेते। दूसरे लोग तब मन मसोस कर रह जाते। निपुण बाराती अपनी पहचान निकालकर अच्छे विस्तर, स्थान का लाभ उठाते और इसी समय का सदुपयोग करके नए रिश्तों का तानाबाना बुनते।

**22.** 1. तुलसीदास जी कई वर्षों तक काशी में रहने के पश्चात्
(य) वह कभी-कभी काशी और चित्रकूट भी चले जाते थे।
(र) रामचरितमानस के अतिरिक्त उन्होंने कई अन्य
(ल) अयोध्या चले गए। वहाँ उन्होंने रामचरितमानस लिखा
(व) पुस्तकें लिखी हैं, जिनमें विनय-पत्रिका, गीतावली,
6. कवित्त रामायण, रामललानहछू और हनुमान बाहुक अधिक प्रसिद्ध हैं।

(a) ल य र व (b) र व ल य
(c) व ल य र (d) य र व ल

**Ans : (a)** अंशों का सही क्रम निम्नवत् है-
तुलसीदास जी कई वर्षों तक काशी में रहने के पश्चात् अयोध्या चले गए। वहाँ उन्होंने रामचरितमानस लिखा। वह कभी-कभी काशी और चित्रकूट भी चले जाते थे। रामचरितमानस के अतिरिक्त उन्होंने कई अन्य पुस्तकें लिखी हैं, जिनमें विनय-पत्रिका, गीतावली, कवित्त रामायण, रामललानहछू और हनुमान बाहुक अधिक प्रसिद्ध है।

**निर्देशः (प्रश्न संख्या 23 से 27) : निम्नलिखित गद्यांश को भली-भाँति पढ़ें। इससे संबद्ध प्रश्नों में प्रत्येक के चार वैकल्पिक उत्तर दिये गये हैं। इनमें से सही उत्तर का चयन कर उसे चिन्हित करें।**

क्या हम बिना क्रोध किए, शांत रह सकते हैं? बात तो क्रोध करने की हो, पर अपने को शांत रखना ही योग है। इस महायोग की प्रवृत्ति हम स्वयं पैदा कर सकते हैं। महत्वपूर्ण है कि हम एकांत में बैठें –आस्था रखें कि हाँ मुझे शांत रहना है। मुझे किसी भी परिस्थिति में, उत्तेजित नहीं होना है- और मैं ऐसा कर सकता हूँ। अतः एकाग्रचित होकर दृढ़ संकल्प शक्ति द्वारा हम शांत रहने की प्रवृत्ति को अपना कर क्रोध कर काबू पा सकते हैं। शांत रहने का मार्ग अपनाने पर, हमारी दुनिया बदल जाएगी और जीवन अधिक आनंदमय लगेगा। हमारे चेहरे पर नई चमक, कार्य में नया उत्साह, हृदय में निर्मलता एवं शीतलता का स्वयं अनुभव होने लगेगा। बिना श्रम के, बिना किसी खर्च के और किसी उपचार के बिना ही पाचनक्रिया स्वतः ठीक होने पर, छोटे-मोटे रोग दूर भाग जाएँगे। खीजना, गुस्सा करना, चीखना-चिल्लाना और बड़बड़ाते रहना, हमारे मन के गुब्बार को ही परिलक्षित करते हैं। इनसे हमारी पहचान पर धब्बा लग जाता है और हमारे ओजस्वी चेहरे पर चिंता की रेखाएँ उभर आती हैं। अगर हम कुछ समय निकाल कर, पूर्ण समर्पण के साथ शांत रहने की आदत डालें तो निश्चय ही सफलता हमारे कदम चूमेगी। शांत रहने की प्रक्रिया में, यदि हम रात्रि को शयनकक्ष में जाने से पूर्व, अपनी व्यक्तिगत दैनन्दिनी (डायरी) में दिन भर की वे घटनाएँ लिखते रहें जब हम शांत नहीं रह सके कुछ दिनों बाद वही दैनन्दिनी पढ़ने पर आप अपनी तब की कमजोरी पर स्वयं हँस पड़ेंगे। कितनी छोटी बात पर हम क्रोध करने लगते हैं। आओ! हम गुस्सा व उत्तेजना को फेंक दें और शांत रहना शुरू करें।

**23. उपर्युक्त गद्यांश का सही शीर्षक है**
(a) एकाग्रचित बनो (b) क्रोध में अमंगल
(c) शांत रहो - सुखी रहो (d) सफलता का उपाय

**Ans : (c)** इस गद्य में लेखक ने व्यक्ति को एकाग्रचित होकर दृढ़ संकल्प द्वारा शांत रहने की प्रवृत्ति को अपनाने की बात करता है। जिससे व्यक्ति अपने क्रोध पर विजय प्राप्त कर सके। लेखक द्वारा शांत रहने का मार्ग अपना कर व्यक्ति अपने जीवन को अधिक आनंदमय बना सकता है। अतः इस गद्यांश का सही शीर्षक 'शांत रहो-सुखी रहो' होगा।

**24. क्रोध आने की स्थिति में शांत रहने की प्रवृत्ति को क्या नाम दिया गया है?**
(a) महायोग (b) शांति
(c) सुख का मार्ग (d) क्रोध पर विजय

**Ans : (a)** क्रोध आने की स्थिति में शांत रहने की प्रवृत्ति को लेखक ने 'महायोग' कहा है, जिसे व्यक्ति अपने अंदर स्वयं पैदा कर सकता है।

**25. क्रोध को काबू में रखने से मुख्यतः कौन-से रोग दूर होते हैं?**
(a) अशांत रहना (b) चीखना-चिल्लाना
(c) मन के गुब्बार (d) पाचनक्रिया से जुड़े

**Ans : (d)** इस गद्यांश में लेखक ने क्रोध पर काबू रखने के लिए कहा है जिससे व्यक्ति के चेहरे पर नई चमक, कार्य में नया उत्साह, हृदय में निर्मलता एवं शीतलता का अनुभव करता है। और बिना किसी श्रम व खर्च के छोटे-मोटे रोग तथा 'पाचन क्रिया' स्वतः ठीक हो जाती है।

**26. चिंता की रेखाएँ कहाँ उभर आती हैं?**
(a) सारे शरीर पर (b) ओजस्वी चेहरे पर
(c) गालों पर (d) मस्तक पर

**Ans : (b)** लेखक के अनुसार हमेशा खींजने से गुस्सा करने, चीखने-चिल्लाने तथा बड़बड़ाते रहने से व्यक्ति के ओजस्वी चेहरे पर चिंता की रेखाएं उभर आती हैं।

**27. शांत रहने की प्रक्रिया में आगे बढ़ने के लिए रात को क्या करें?**
(a) क्रोध के अनुभव डायरी पर लिखें
(b) विश्वासपूर्वक प्रभु से प्रार्थना करें
(c) डायरी पर लिखे हुए अनुभव पढ़ें
(d) शांत वातावरण में सोने जाएँ


Teachingninja.in

**Ans : (a)** इस गद्यांश में लेखक शांत रहने की प्रक्रिया में आगे बढ़ने के लिए रात को शयनकक्ष में जाने से पूर्व व्यक्ति को दैनन्दिनी (डायरी) में दिन भर की वे घटनाएँ लिखते हैं जब वे क्रोधित हुए हों या अशांत रहे हो। भविष्य में हम इन डायरियों को पढ़कर अपनी कमज़ोरियों पर हँस पड़ेंगे।

**निर्देश : (प्रश्न संख्या 28 से 30) : प्रत्येक प्रश्न वाक्य में एक अधोरेखांकित शब्द है। उसके नीचे लिखे शब्दों में से तीन अशुद्ध रूप से लिखे गये हैं। चौथे शुद्ध रूप में लिखे शब्द का चयन कर उसे चिन्हित करें।**

**28.** उस '<u>कवित्री</u> की कविताएँ बहुत पसंद की गई।

(a) कवियित्री (b) कवीत्री

(c) कवयत्री (d) कवयित्री

**Ans : (d)** '<u>कवित्री</u>' शब्द का शुद्ध रूप 'कवयित्री' है।

**29.** प्रधानमंत्री के भाषण की <u>श्रुतिलिपि</u> उसने उसी समय ले ली।

(a) श्रुतिलिपी (b) श्रुतलिपि

(c) श्रुतलीप (d) श्रुतलिपी

**Ans : (b)** शब्द का शुद्ध रूप 'श्रुतलिपि' है।

**30.** भग्गू सेठ तो बहुत ही <u>दूश्चरित्र</u> व्यक्ति है।

(a) दुश्चरित्र (b) दुस्चरित्र

(c) दुष्चरितृ (d) दुष्चरित्र

**Ans : (a)** शब्द का शुद्ध रूप 'दुश्चरित्र' है।

**निर्देश : (प्रश्न संख्या 31 तथा 32) : नीचे दिये गये मुहावरों / लोकोक्तियों के चार-चार वैकल्पिक अर्थ दिये गये हैं। इनमें से सही अर्थ का चयन कर उसे चिन्हित करें।**

**31.** मुँह की खाना

(a) भोजन खा लेना (b) भाग जाना

(c) हार जाना (d) गिर पड़ना

**Ans : (c)** 'मुँह की खाना' लोकोक्ति का सही अर्थ 'हार जाना है।'

**32.** डपोरशंख

(a) विशेष तरह का शंख

(b) बे सिर-पैर की बातें करने वाला

(c) बहुत बड़ी गिनती

(d) भारतीय शंख

**Ans : (b)** 'डपोरशंख' मुहावरे का सही अर्थ 'बे सिर-पैर की बातें करने वाला' है।

**निर्देश : (प्रश्न संख्या 33 से 40) : निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न में तीन गद्यांश दिये गये हैं। त्रुटि वाले वाक्यांश को चुनें और उसके अनुरूप (a), (b), (c) पर चिन्ह लगाएँ। यदि वाक्य त्रुटिहीन हो, तो (d) पर चिन्ह लगाएँ।**

**33.** (a) हमारी दुग्धशाला में शुद्ध गाय का घी बिकता है

(b) मिलावट सिद्ध करने पर

(c) पाँच हजार रुपये का पुरस्कार प्राप्त करें।

(d) कोई त्रुटि नहीं

**Ans : (a)** इस वाक्यांश का सही अनुरूप – 'हमारी दुग्धशाला में गाय का शुद्ध घी बिकता है' होगा।

**34.** (a) महापुरुष किसी भी देश, जाति अथवा धर्म में जन्म लेकर

(b) उसी देश, जाति अथवा धर्म तक सीमित नहीं रहते

(c) वे तो सम्पूर्ण मानवता के पथ प्रदर्शक होते हैं।

(d) कोई त्रुटि नहीं

**Ans : (d)** वाक्यांशों में कोई त्रुटि नहीं है।

**35.** (a) पल्स-पोलियो से बचाव के लिए

(b) सबसे सरलतम उपाय

(c) शिशुओं को निरोधक खुराक देना है

(d) कोई त्रुटि नहीं

**Ans : (b)** इस वाक्यांश का सही रूप 'सबसे सरल उपाय या सरलतम् उपाय' है।

**36.** (a) महामहिम राष्ट्रपति

(b) हमारे संस्थान में स्वर्ण जयंती समारोह का

(c) उद्घाटन करेगा

(d) कोई त्रुटि नहीं

**Ans : (c)** इस वाक्यांश का सही रूप 'उद्घाटन करेंगे' होगा क्योंकि सम्माननीय व्यक्तियों के लिए सदैव बहुवचन का प्रयोग किया जाता है।

**37.** (a) अपने परिवार एवं प्रियजनों के विषय में

(b) स्वास्थ्य संबंधी कुशल समाचार

(c) शीघ्र भेजने की अनुकम्पन करें

(d) कोई त्रुटि नहीं

**Ans : (c)** इस वाक्यांश का सही रूप 'शीघ्र भेजने की अनुकम्पा करें' होगा।

**38.** (a) भारतवर्ष के पर्वतीय क्षेत्र की

(b) सुन्दरता, सारे विश्व में

(c) सबसे सर्वोत्तम है

(d) कोई त्रुटि नहीं

**Ans : (c)** इस वाक्यांश का सही रूप 'सर्वोत्तम है' होगा क्योंकि सर्वोत्तम शब्द सबसे और उत्तम शब्द से मिलकर बना है। अतः सबसे का प्रयोग व्यर्थ है।

**39.** (a) कई रेलवे के कर्मचारी भी

(b) इस विराट प्रदर्शन में

(c) भाग लेने के लिए पहुँचे

(d) कोई त्रुटि नहीं

**Ans : (a)** इस वाक्यांश का सही रूप 'रेलवे के कई कर्मचारी भी' होगा।



Teachingninja.in

40. (a) सरदार पटेल से अच्छी
(b) राजनीतिज्ञ एवं प्रशासक
(c) इस देश में फिर नहीं हुआ
(d) कोई त्रुटि नहीं

**Ans : (a)** इस वाक्यांश का सही रूप 'सरदार पटेल से अच्छा' होगा।

## भाग-II : सामान्य बुद्धि परीक्षण

**41. किसी कोड में, 'jo ka ra' का मतलब है 'go for walk' 'ma fo ka' का मतलब है 'do not walk' और 'sa to jo' का मतलब है 'good for you' इसमें 'go' का कोड क्या है?**

(a) ka (b) ra
(c) fo (d) jo

**Ans : (b)**

jo ka ra ⇒ go for walk
ma fo ka ⇒ do not walk
sa to jo ⇒ good for you

स्पष्ट है कि 'go' का कोड 'ra' है।

**42. निम्नलिखित संख्या शृंखला में अगली संख्या क्या आना चाहिए?**
**688126861236881234686123456 8?**

(a) 1 (b) 4
(c) 8 (d) 6

**Ans : (c)** शृंखला इस प्रकार है -
688 12686 123688 1234686 12345688

**43. यदि '@' का मतलब है '×', '©' का मतलब है '÷', '%' का मतलब है '+' और '$' का मतलब है '–', तो**
**6 % 12 © 3 @ 8 $ 3**
**का मान है?**

(a) 37 (b) 35
(c) 45 (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans : (b)** 6% 12 © 3 @ 8 $ 3 में प्रश्नानुसार चिन्हों के मान रखने पर -

$$6 + 12 \div 3 \times 8 - 3$$
$$= 6 + 4 \times 8 - 3$$
$$= 6 + 32 - 3$$
$$= 38 - 3$$
$$= 35$$

**44. Q 9 K # P @ 3 E N S A C * G © U M 7 F I V % 4 Z 8 Y.**

**यदि उपर्युक्त व्यवस्था में से सारी संख्याओं को हटा दिया जाए, तो इनमें से कौन-सा दाहिने अंत से सत्रहवें स्थान पर होगा?**

(a) P (b) I
(c) @ (d) E

**Ans : (c)** Q 9 K # P @ 3 E N S A C * G © U M 7 F I V % 4 Z 8 Y
में संख्याओं को हटाने पर नई शृंखला निम्न होगी-
Q K # P @ E N S A C * G © U M F I V % Z Y
स्पष्ट है कि दाहिने से सत्रहवें स्थान पर @ है।

**45. प्रेक्षणों के एक सेट**
**13, 6, 31, 25, 20, 39, 15, 36**
**में, यदि $Y(13) = 7$, $Y(20) = 5$ तथा $Y(36) = 2$ हो, तो $Y(25)$ हैं**

(a) 8 (b) 6
(c) 4 (d) 10

**Ans : (c)** जिस प्रकार,
शृंखला में 13 से बड़ी संख्याओं की संख्या $= 6 \Rightarrow 6 + 1 \Rightarrow 7$
शृंखला में 20 से बड़ी संख्याओं की संख्या $= 4 \Rightarrow 4 + 1 \Rightarrow 5$
शृंखला में 36 से बड़ी संख्याओं की संख्या $= 1 \Rightarrow 1 + 1 \Rightarrow 2$
उसी प्रकार,
शृंखला में 25 से बड़ी संख्याओं की संख्या $= 3 \Rightarrow 3 + 1 \Rightarrow 4$

**46. निम्न शृंखला में, ऐसे कितने $ हैं जिनके ठीक बाद एक प्रतीक है तथा ठीक पहले एक सम संख्या है?**
**53 ÷ $ ? 674 $ ? @ 2 $ 5 × + ? ÷ 47 ? $ 4 $ ?**

(a) तीन (b) दो
(c) शून्य (d) चार

**Ans :(b)** 53 ÷ $ ? 6 7 4 $ ? @ 2 $ 5 × + ? ÷ 4 7 ? $ 4 $ ?
स्पष्ट है कि ऐसे दो $ है जिनके ठीक बाद एक प्रतीक है तथा ठीक पहले एक सम संख्या है।

**47. यदि 'गुलाब' को 'पॉपी' कहा जाए, 'पॉपी' को 'लिली' कहा जाए, 'लिली' को 'कमल' कहा जाए और 'कमल' को 'ग्लैडीओला' कहा जाए, तो फूलों का राजा कौन है?**

(a) कमल (b) पॉपी
(c) ग्लैडीओला (d) गुलाब

**Ans : (c)** फूलों का राजा कमल को कहा जाता है, लेकिन यहाँ 'कमल' को 'ग्लैडीओला' कहते हैं। अतः फूलों के राजा को 'ग्लैडीओला' कहा जायेगा।

**48. *T*, *S*, *V* और *W* चार बैग हैं, जिनमें प्रत्येक का वजन अलग है। बैग *T*, केवल *S* से हल्का है। *V*, *W* से हल्का है और *W*, *T* से हल्का है। चार बैगों में से कौन-सा बैग सबसे हल्का है?**


Teachingninja.in

(a) $W$ (b) $T$
(c) $V$ (d) $S$

**Ans : (c)** चारों बैगों के वजन का क्रम निम्नवत् है -


V < W < T < S

अतः सबसे छोटा या हल्का 'V' है।

**49. मेघना दक्षिण की ओर 10 किमी. गाड़ी चलाती है, फिर वह दायें मुड़ती है और 6 किमी. गाड़ी चलाती है। वह फिर एक बार दायें मुड़ती है और 10 किमी. गाड़ी चलाकर रुक जाती है। वह अपनी शुरूआती जगह से कितनी दूरी पर है?**

(a) 10 किमी. (b) 6 किमी.
(c) 4 किमी. (d) 16 किमी.

**Ans : (b)**




∵ AB = OC = 6 किमी.

अतः मेघना अब शुरूआती बिन्दु से 6 किमी. दूरी पर है।

**50. निम्न में (?) क्या है?**

**लोमड़ी : चालाक :: खरगोश : ?**

(a) खतरनाक (b) डरपोक
(c) क्रूर (d) साहसी


**Ans : (b)** जिस प्रकार लोमड़ी चालाक होती है, उसी प्रकार खरगोश डरपोक होता है।

**51. निम्न में (?) क्या है?**


**AZCX : BYDW :: HQJO : ?**

(a) IPKM (b) IPKN
(c) GRJP (d) GRFP

**Ans : (b)** जिस प्रकार




उसी प्रकार




अतः ? = IPKN

**52. निम्न में (?) क्या है?**

**24 : 126 :: 48 : ?**

(a) 192 (b) 240
(c) 344 (d) 433


**Ans : (c)** जिस प्रकार

$5^2 - 1 : 5^3 + 1$

उसी प्रकार


$7^2 - 1 : 7^3 + 1$

**53. निम्न चित्र में कितने त्रिकोण है?**




(a) 13 (b) 9
(c) 15 (d) 11

**Ans : (a)**




दिये गये आकृति में त्रिभुजों की संख्या = (ADC, DFC, FBC, DBC, AFB, ADF, ADB, ABE, DEB, BFG, AGB, AEG, AFC) = 13

**54. '?' का मान है**




(a) 37 (b) 45
(c) 47 (d) 35

**Ans : (a)** जिस प्रकार

$3 \times 3 + 5 \times 6 = 39$

तथा $4 \times 4 + 7 \times 5 = 51$

उसी प्रकार $5 \times 5 + 4 \times 3 = 37$

**55. '?' का मान है**

| | | |
|---|---|---|
| **9** | **6** | **8** |
| 5 | 8 | 4 |
| 7 | 4 | ? |
| 11 | 2 | 7 |

(a) 7 (b) 3
(c) 6 (d) 4

**Ans : (b)** जिस प्रकार,

$(9-5)+7=11$

तथा $(6-8)+4=2$

उसी प्रकार, $8-4+?=7$


$4+?=7$

$?=3$



Teachingninja.in


**56.** '?' का मान है






(a) 224 (b) 225
(c) 227 (d) 223


**Ans : (b)** जिस प्रकार 8 + (8 – 1) = 15
15 + (15 – 1) = 29
29 + (29 – 1) = 57
57 + (57 – 1) = 113
उसी प्रकार, 113 + (113 – 1) = 225

**57.** निम्न में से कौन-सा वेन डायग्राम आम, फल और सब्जी के बीच के सम्पर्क को सबसे अच्छी तरह दर्शाता है?


(a)


(b)


(c)


(d)


**Ans : (d)** सभी आम फल होते हैं जबकि सब्जी एक अलग विधा है।




**58.** निम्नलिखित चार में से तीन एक निश्चित तरीके से एक-जैसे हैं और एक समूह के रूप में आते हैं। इनमें से एक वह कौन-सा है जो उस समूह से संबंध नहीं रखता है?

(a) 143 (b) 247
(c) 91 (d) 215

**Ans : (d)** 143 = 13 × 11
247 = 13 × 19
91 = 13 × 7
215 = 43 × 5
स्पष्ट है कि 215, 13 से भाज्य नहीं है जबकि शेष अन्य 13 से भाज्य हैं अतः 215 इस समूह में नहीं आता है।

**59.** अक्षरों RBAE में से प्रत्येक को प्रत्येक शब्द में केवल एक बार प्रयोग कर कितने सार्थक अंग्रेजी शब्द बनाए जा सकते हैं?

(a) एक (b) दो
(c) तीन (d) एक भी नहीं

**Ans : (b)** अक्षरों RBAE से दो अर्थपूर्ण शब्द BEAR तथा BARE बनाये जाते हैं।

**60.** किसी कोड में, TRAIN को '39#7%' लिखा जाता है और MEAL को '4$#@' लिखा जाता है। उस कोड में ITEM को कैसे लिखा जाता होगा?

(a) 73$4 (b) 79$4
(c) 73#4 (d) 7$34

**Ans : (a)** दिए गए कोड से तुलना करने पर
T = 3, I = 7, E = $, M = 4
अतः ITEM = 73$4

## भाग-III : सामान्य जानकारी

**61.** नई दिल्ली का मुख्य वास्तुविद एवं डिज़ाइनर कौन था?

(a) एड्विन लुट्येन्स (b) धनपत राय चौधरी
(c) ली कोर्बुजीयर (d) इनमें से कोई नहीं

**Ans : (a)** पहले भारत की राजधानी कलकत्ता थी। लेकिन जब वहाँ हर दिन बम फटने से अंग्रेजों का जीना हराम हो गया तब उन्होंने भारत की राजधानी कलकत्ता से दिल्ली (1911) स्थानांतरित कर ली। राजधानी के लिए दिल्ली को विकसित करना था अतः अंग्रेज डिज़ाइर सर एडविन लुटयेन्स तथा सर हरवर्ट बेकर को यह कार्य सौंपा गया। इन्होंने बड़े मनोयोग से कार्य किया तथा कई वर्षों बाद दिल्ली बनकर तैयार हो गई।

**62.** निम्नलिखित स्थानों में से 'एमरेल्ड द्वीपसमूह' के नाम से जान जाता है?

(a) मालदीव (b) दमन और दीव
(c) लक्षद्वीप (d) अण्डमान और निकोबार द्वीपसमूह

**Ans : (d)** भारत के सात केन्द्र शासित प्रदेशों में से एक अण्डमान निकोबार द्वीपसमूह को एमरेल्ड द्वीपसमूह या पन्ना द्वीपसमूह भी कहा जाता है। यह बंगाल की खाड़ी के दक्षिण में हिन्द महासागर में स्थित है। अण्डमान तथा निकोबार में लगभग 300 छोटे द्वीपों का समूह है, जिसके कुछ ही द्वीपों पर आबादी है। अण्डमान निकोबार की राजधानी 'पोर्ट ब्लेयर' है।

**63.** कुषाण मूलतः कहाँ के निवासी थे?

(a) मध्य एशिया (b) चीनी तुर्किस्तान
(c) तिब्बत (d) ईरान



Teachingninja.in

**Ans : (a)** कुषाण मूलतः मध्य एशिया के निवासी थे। वहाँ से निकाले जाने पर ये लोग कम्बोज-वाह्लीक में आकर बस गये तथा वहाँ की सभ्यता से प्रभावित हुए। भारत आने वाली युची जाति पाँच शाखाओं में से एक थी।

**64. संविधान का निम्न में से कौन-सा संशोधन केन्द्र तथा राज्य में मंत्रिपरिषद् के मंत्रियों की अधिकतम संख्या सीमित करता है?**

(a) 93 वाँ संशोधन (b) 95 वाँ संशोधन
(c) 97 वाँ संशोधन (d) 91 वाँ संशोधन

**Ans : (d)** 91 वाँ संविधान संशोधन, 2003 द्वारा केन्द्र तथा राज्य में मंत्री परिषद के मंत्रियों की संख्या सदन के कुल सदस्यों के 15 प्रतिशत से अधिक नहीं हो सकती है।

**65. हुमायूँ की दुर्घटना के आकस्मिक मृत्यु के उपरांत उनके बेटे अकबर को कहाँ मुगल सिंहासन पर बैठाया गया?**

(a) लाहौर (b) सरहिन्द
(c) कलनौर (d) काबुल

**Ans : (c)** जनवरी 1556 ई. में 'दीनपनाह' भवन में स्थित पुस्तकालय की सीढ़ियों से गिरकर हुमायुँ की मृत्यु का समाचार सुनते ही बैरम खाँ ने अकबर को 14 वर्ष की उम्र में कालानौर (पंजाब) में अकबर का राजतिलक कर बादशाह घोषित कर दिया था। ज्ञातव्य है कि बैरम खां अकबर का संरक्षक था।

**66. भारत का निम्नलिखित में से कौन-सा राष्ट्रपति निर्विरोध निर्वाचित हुआ था?**

(a) डॉ. एस. राधाकृष्णन (b) के. आर. नारायणन
(c) नीलम संजीवा रेड्डी (d) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद

**Ans : (c)** 26 मार्च 1977 को नीलम संजीव रेड्डी को सर्वसम्मति से लोकसभा का स्पीकर चुना गया लेकिन 13 जुलाई, 1977 को इन्होंने पद छोड़ दिया क्योंकि राष्ट्रपति पद के लिए नामांकन किया जा रहा था। राष्ट्रपति पद के लिए कुल 21 नामांकन पत्र दाखिल किये गये थे, जिनमें से कुछ उम्मीदवार को आवश्यक संख्या में विधायकों का समर्थन नहीं था या उम्मीदवारों ने 2500 रुपये की जमानत राशि जमा नहीं कराई थी। 21 जुलाई, 1977 को चुनाव अधिकारी ने प्रेस को सूचित किया कि नीलम संजीव रेड्डी निर्विरोध चुनाव जीत गए हैं। इस घोषणा के पश्चात् नीलम संजीव रेड्डी ने लोक सभा की सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया तथा भारत के 8 वें राष्ट्रपति के रूप में पद ग्रहण किये।

**67. रेडियो तरंग का वेग कितना होता है?**

(a) $3 \times 10^8$ मी. / सेकन्ड
(b) $1 \times 10^6$ मी. / सेकन्ड
(c) $3 \times 10^6$ मी. / सेकन्ड
(d) $1 \times 10^8$ मी. / सेकन्ड

**Ans : (a)** रेडियो तरंगों का वेग लगभग प्रकाश के वेग के समान अर्थात् $3 \times 10^8$ मी./से. होता है।

**68. FM प्रसारण बैन्ड ______ के बीच होता है।**

(a) HF रेंज (b) VHF रेंज
(c) UHF रेंज (d) उपर्युक्त सभी

**Ans : (b)** FM प्रसारण वैन्ड VHF (Very High Frequency) के बीच होता है। जिसका रेंज 30Mhz से 300 Mhz होती है।

**69. टेप रिकार्डर में टेप की चाल कितनी होती है?**

(a) 5 सेमी. / सेकन्ड (b) 3.75 सेमी. / सेकन्ड
(c) 10 सेमी. / सेकन्ड (d) 4.76 सेमी. / सेकन्ड

**Ans : (d)** टेप रिकार्डर में टेप की चाल 4.76 सेमी./सेकण्ड होती है।

**70. नदी के प्रवाह को मापने के लिए निम्न में से किसका उपयोग होता है?**

(a) ब्यूफोर्ट स्केल (b) क्यूसेक
(c) रिक्टर स्केल (d) एनीमोमीटर

**Ans : (b)** नदी के प्रवाह को मापने के लिए क्यूसेक मीटर का प्रयोग किया जाता है। ब्यूफोर्ट स्केल पर समुद्र में हवा की गति, रिक्टर स्केल पर भूकम्प की तीव्रता तथा एनीमोमीटर से पृथ्वी तल पर हवा की गति मापा जाता है।

**71. सुपरसॉनिक स्पीड मापने का यूनिट क्या है?**

(a) मैक (b) नॉट
(c) रिक्टर (d) हर्ट्ज

**Ans : (a)** सुपरसॉनिक स्पीड मापने की इकाई मैक है।

$$\text{मैक} = \frac{\text{वस्तु की गति}}{\text{माध्यम में ध्वनि की गति}}$$

जब मैक संख्या का मान 1 हो तब वस्तु की गति ध्वनि की गति के समान हो जाती है। यदि मैक संख्या 1.35 हो तो इसका अर्थ है कि वस्तु की गति ध्वनि की गति से 35% अधिक है।

**72. खाद्यान्नों के संरक्षण हेतु निम्न में से किसका प्रयोग किया जाता है?**

(a) विनेगर (b) सोडियम क्लोराइड
(c) पोटैशियम परमैंगनेट (d) सोडियम बेंज़ोएट

**Ans : (d)** सोडियम वेंजोएट ($NaC_7H_5O_2$) का प्रयोग खाद्यानों के संरक्षण हेतु प्रयोग किया जाता है।

**73. किसी स्थान की आर्द्रता जानने के लिए निम्न में से किसका उपयोग किया जाता है?**

(a) हाइग्रोमीटर (b) पाइरोमीटर
(c) पेरिस्कोप (d) हाइड्रोमीटर

Teachingninja.in

Ans : (a) किसी स्थान की आर्द्रता जानने के लिए हाइग्रोमीटर का प्रयोग किया जाता है। पाइरोमीरटर, सतह का तापमान मापन तथा हाइड्रोमीटर द्वारा द्रवों का आपेक्षिक घनत्व मापा जाता है। पेरिस्कोप पनडुब्बियों में उपयोग होने वाला उपकरण है जिसकी सहायता से पानी में डुबे हुए भी पानी की सतह पर किसी वस्तु को देखा जाता है। इसके द्वारा प्रेक्षक छिपा रहकर भी अपने चारों ओर के वातावरण को देख सकता है।

**74. वह कौन-सी पर्यावरणीय परत है, जो विकिरण को वापस पृथ्वी में प्रत्यावर्तित करती है?**

(a) स्ट्रेटोस्फियर (b) आयनोस्फियर
(c) एक्सोस्फियर (d) ट्रोपोस्फियर

Ans : (a) पृथ्वी से निकलने वाली विकिरण 'समताप मण्डल (Stratosphere)' से टकराकर वापस पृथ्वी पर आ जाती है, जबकि आयनोस्फियर (आयनमण्डल) से रेडियो तरंगे टकराकर वापस पृथ्वी पर आती हैं।

**75. निम्न राज्यों में से कौन-सा राज्य UDAY योजना के लिए समझौता-ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है?**

(a) उत्तर प्रदेश (b) मध्य प्रदेश
(c) झारखण्ड (d) उत्तराखण्ड

Ans : (c) Ujwal DISCOM Assurance Yojana (UDAY) योजना का शुभारंभ नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमण्डल द्वारा 5 नवबंर, 2015 को किया गया। इस योजना का लक्ष्य वितरण कंपनियों का वित्तीय सुधार तथा पुनरूद्धार करना है। झारखण्ड देश का पहला राज्य है जिसने UDAY योजना के लिए समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया।

**76. हेमिस गोम्पा नामक मठ कहाँ स्थित है?**

(a) गैंग्टॉक (b) थिम्पू
(c) बोधगया (d) लद्दाख

Ans : (d) हेमिस मठ, जम्मू-कश्मीर में लेह से लगभग 45 किमी. दूर लद्दाख में एक कस्बा है जिसे हेमिस कहते हैं। यहाँ एक बड़ा तथा आकर्षक मठ है जिसे हेमिस मठ या हेमिस गोम्पा कहा जाता है। सिन्धु नदी के पश्चिम में स्थित यह मठ लगभग 12000 फुट की ऊँचाई पर स्थित है। हेमिस मठ तिब्बती स्थापत्य शैली में बना है जो बौद्ध जीवन तथा संस्कृति को प्रदर्शित करता है।

**77. प्राचीन काल में मध्य प्रदेश के कतिपय साड़ी बुनकर लम्बे नाखून रखते थे तथा उसमें चीरा लगाते थे ताकि धागों को मरोड़कर बढ़िया किस्म की साड़ी बना सकें। ये साड़ियाँ क्या कहलाती हैं?**

(a) चंदेरी (b) ढाकाई
(c) पटोला (d) संबलपुरी

Ans : (a) चन्देरी साड़िया तैयार करने के लिए प्राचीनकाल में बुनकर लम्बे नाखून रखते थे तथा चीरा लगाते थे। सत्रहवीं सदी में बड़ौदा, नागपुर और ग्वालियर जिले में बसने वाले बुनकर वहाँ के राजघरानों के स्त्रियों के लिए साड़िया बुना करते थे। ऐसा कहा जाता है कि यह साड़ी इतनी बारीक होती थी कि एक पूरी साड़ी एक मुट्ठी के अन्दर समा जाती थी। अधिकतर चंदेरी साड़ियाँ सूत्र और रेशम के मिश्रण से बनती थी।

**78. भारत में काजू का प्रथम परिचय किन लोगों ने कराया?**

(a) डच (b) ब्रिटिश
(c) फ्रांसीसी (d) पुर्तगाली

Ans : (d) भारतीय कृषि में पुर्तगालियों की महत्वपूर्ण देन है। भारत में तम्बाकू, मूँगफली, आलू, लाल मिर्च, मकई, टमाटर, शकरकंद, चीकू, काजू, अमरुद, पाईन एप्पल, और शरीफा इत्यादि पुर्तगालियों के द्वारा ही भारत में लाया गया। इसके अलावा भारत में पहली बार प्रिंटिंग प्रेस का प्रयोग तथा जहाज निर्माण उद्योग पुर्तगालियों की ही देन है।

**79. किस भारतीय राष्ट्रपति ने आइरिश स्वतंत्रता संग्राम में भाग लिया और इसके लिए जेल भी गये?**

(a) वी.वी. गिरि (b) नीलम संजीवा रेड्डी
(c) डॉ. शंकर दयाल शर्मा (d) डॉ. एस. राधाकृष्णन्

Ans : (a) वी.वी. गिरी 'डलिन यूनिवर्सिटी' में कानून की पढ़ाई करने के लिए जब आयरलैण्ड गए थे तब वे वलेरा जैसे प्रसिद्ध ब्रिटिश विद्रोही के सम्पर्क में आकर स्वतन्त्रता के लिए चल रहे 'सिन फीन आंदोलन' से जुड़ गए। इस कारण उन्हें जेल भी जाना पड़ा तथा आयरलैण्ड से निष्कासित कर दिया गया। स्वतंत्र भारत में वी.वी. गिरी चौथे राष्ट्रपति बने थे।

**80. विश्व पर्यावरण दिवस कब मनाया जाता है?**

(a) 1 अप्रैल (b) 6 मई
(c) 5 दिसम्बर (d) 5 जून

Ans : (d) पर्यावरण प्रदूषण की समस्या पर सन् 1972 में संयुक्त राष्ट्र संघ ने स्टॉकहोम (स्वीडन) में विश्व भर के देशों का पहला पर्यावरण सम्मेलन आयोजित किया जिसमें विश्व के 114 देशों ने भाग लिया और पहली बार 'एक ही पृथ्वी' का सिद्धांत मान्य किया। इसी सम्मेलन में 'संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP)' का जन्म हुआ तथा प्रत्येक वर्ष 5 जून को 'पर्यावरण दिवस' मनाने का निर्णय लिया गया। पर्यावरण दिवस मनाने का उद्देश्य पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाते हुए आम जनता को प्रेरित करना है। पर्यावरण प्रदूषण को ध्यान में रखकर भारत ने 19 नवंबर 1986 को पर्यावरण संरक्षण अधिनियम लागू किया।



Teachingninja.in